# निर्मित कौर अहलूवालिया का स्टाइलिश ट्रांसफॉर्मेशन

**अभिनेत्री** निर्मित कौर अहलूवालिया ने इस गर्मी में एक नया और फ्रेश लुक अपनाया है.

निर्मित कौर ने फ्रिंज हेयरस्टाइल ट्राय किया है, जो सोशल मीडिया और इंडस्ट्री में चर्चा का विषय बन गया है. यह छोटा लेकिन खास बदलाव उनके लुक को और भी सॉफ्ट और स्टाइलिश बना रहा है.इन दिनों बॉलीवुड में फ्रिंज हेयरकट का ट्रेंड भी काफी चल रहा है. अनन्य पांडे, अदिति राव हैदरी और भूमि पेडणेकर जैसी अभिनेत्री भी इस लुक में नज़र आ चुकी हैं, लेकिन निर्मित का स्टाइल अपनी सादगी और एलिगेंस के कारण अलग नज़र आता है, जो उनकी पर्सनैलिटी को अच्छी तरह सूट करता है.शुरुआत में फैंस को लगा कि यह सिर्फ उनका पर्सनल स्टाइल चेंज है या किसी रोल के लिए, लेकिन अब निमृत ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है.

अपने नए लुक के बारे में निर्मित ने कहा, 'मैंने हाल ही में एक नए प्रोजेक्ट पर काम शुरू किया है और यह लुक उसी के लिए है. मैं कुछ अलग ट्राय करना चाहती थी और फ्रिंज मुझे सही लगा. नए अंदाज़ के साथ किसी नई चीज़ की शुरुआत करना हमेशा एक्साइटिंग होता है, और यह उसी सफर का एक हिस्सा है.'

एक करीबी सूत्र ने बताया, 'निर्मित काफी समय से अपने लुक के साथ कुछ नया करना चाहती थीं, और जब यह प्रोजेक्ट आया तो उन्हें लगा कि यही सही समय है. यह फ्रिंज उनके स्क्रीन प्रेज़ेंस में एक नया पहलू जोड़ता है.'

निर्मित लगातार अपने काम में सादगी और नएपन के बीच संतुलन बनाए रखती हैं. नए प्रोजेक्ट की शुरुआत और उनके इस लुक को मिल रही प्रतिक्रिया को देखते हुए, वह एक बार फिर कुछ नया और खास लेकर आने के लिए तैयार हैं.



# बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' जून में होगी रिलीज

**बॉलीवुड** फिल्मकार अनुराग कश्यप और अभिनेता बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' 05 जून 2026 को रिलीज होगी.

फिल्म बंदर के मेकर्स ने अब आधिकारिक तौर पर इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है. यह फिल्म 05 जून, 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है.इस फिल्म में बॉबी देओल लीड रोल में हैं, और इसमें निर्देशक अनुराग कश्यप के नेतृत्व में एक मजबूत क्रिएटिव टीम एक साथ आई है, जिसमें राइटर सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी शामिल हैं. अपनी बोल्ड कहानी कहने के अंदाज के लिए मशहूर अनुराग कश्यप ने पहले 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' और 'ब्लैक फ्राइडे' जैसी कल्ट क्लासिक फिल्में दी हैं.

लगातार कई दमदार परफॉर्मेंस देने के बाद, बॉबी देओल इस इंटेंस ड्रामा में मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. फिल्म का प्रोडक्शन निखिल द्विवेदी ने किया है और इसे ज़ी स्टूडियोज का सपोर्ट मिला है. फिल्म को सुदीप शर्मा और अभिषेक बनर्जी ने लिखा है.फिल्म की स्टार कास्ट में सान्या मल्होत्रा, राज बी शेट्टी, जितेंद्र जोशी, सपना पब्बी, इंद्रजीत सुकुमारन, रिद्धि सेन, सबा आज़ाद और नागेश भोसले भी अहम भूमिकाओं में हैं.



# श्रेया घोषाल का नया रोमांटिक ट्रैक

'**रूप** दी रानी' के बाद, 'पति पत्नी और वो दो' के मेकर्स, टी-सीरीज़ और बी आर स्टूडियोज़ ने अपना दूसरा गाना 'दिल वाले चोर' रिलीज़ कर दिया है. यह एक ऐसा गाना है, जो पहली ही बार में दिल को छू लेता है और धीरे-धीरे और भी पसंद आने लगता है. गाने की धुन सुकून भरी होने के साथ-साथ बेहद कैची है, जो सुनने के बाद लंबे समय तक ज़हन में बनी रहती है.

रोचक कोहली द्वारा कंपोज़ किया गया यह गाना आदित्य रिखारी और श्रेया घोषाल की आवाज़ में है, जिसके बोल कुमार ने लिखे हैं. यह ट्रैक मॉडर्न रोमांस की बारीकियों को खूबसूरती से दर्शाता है, जिसमें शरारत और भावनाओं का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है. पियूष-शाज़िया द्वारा कोरियोग्राफ किया गया यह गाना एक फ्रेश लेकिन जाना-पहचाना म्यूज़िकल अनुभव देता है, जो इसे एक साथ निजी और भव्य बनाता है, और प्यार, तड़प व चुलबुलेपन की कहानी बुनता है.

टी-सीरीज़ फिल्म्स और बी आर स्टूडियोज़ प्रोडक्शन की फिल्म 'पति पत्नी और वो दो', का निर्देशन मुदस्सर अज़ीज़ ने किया है. फिल्म को भूषण कुमार, रेनू रवि चोपड़ा और किशन कुमार ने निर्मित किया है, जबकि जूनो चोपड़ा इसके क्रिएटिव प्रोड्यूसर हैं. यह फिल्म 15 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है.



# फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' जल्द होगी रिलीज

**ज़ी** स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज़ के सहयोग से बनी तथा काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े के अभिनय से सजी दमदार सामाजिक-राष्ट्रीय फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' 24 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. चेतन डीके के निर्देशन में बनी इस फिल्म को सागर बी शिंदे ने लिखा और प्रोड्यूस किया है. फिल्म एक गंभीर और समकालीन मुद्दे को उठाती है, जो राष्ट्रीय स्तर पर गूंजता है.

मूल रूप से 'द इंडिया स्टोरी', रसायनों के दुरुपयोग और उनके खतरनाक प्रभावों को उजागर करती है, जो खासतौर पर कीटनाशक खेती और उससे जुड़े घोटालों के संदर्भ में है. यह कहानी किसी एक परिवार की परेशानी नहीं, बल्कि पूरे देश की है, जो देश के नागरिकों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा को प्रभावित कर रही है. सिर्फ यही नहीं इस फिल्म में सिस्टम की खामियों और ज़रूरी सख्त नियमों की तरफ भी इशारा किया गया है.



निर्माता सागर बी शिंदे ने कहा, 'हमने यह कहानी इसलिए चुनी, क्योंकि यह एक ऐसी सच्चाई को दर्शाती है, जिसे अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन सच यह है कि यह लाखों लोगों की जिंदगी को प्रभावित करती है. कीटनाशकों और रसायनों का गलत इस्तेमाल सिर्फ पर्यावरण का मुद्दा नहीं, बल्कि एक मानवीय संकट है, इसलिए इस फिल्म के जरिए हम जागरूकता बढ़ाना चाहते हैं. इसके साथ ही हम सिस्टम की जवाबदेही और बदलाव पर बातचीत शुरू करना चाहते हैं.'

निर्देशक चेतन डीके ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा, 'इस कहानी को प्रामाणिक रूप से पेश करने के लिए पूरी टीम ने कड़ी मेहनत की है. काजल और श्रेयस ने बेहद शानदार और संवेदनशील अभिनय किया है, जिसने फिल्म को और ऊंचाई दी है. हमने यह सुनिश्चित किया है कि कहानी दर्शकों को बांधे रखने के साथ-साथ गहरा असर भी छोड़े.'

## जेके सीमेंट ने अक्षय को बनाया ब्रांड एंबेसडर


**जेके** सीमेंट लिमिटेड की समृद्ध विरासत एवं उत्कृष्टता से प्रेरित जेके मैक्स पेंट्स ने अपने नए ब्राण्ड कैंपेन 'मैक्स करो, रिलेक्स करो', का लॉन्च किया है. पहली बार विज्ञापन में ब्राण्ड अम्बेसडर अक्षय कुमार नज़र आएंगे. यह बॉलीवुड के सुपरस्टार अक्षय कुमार के एसोसिएशन में ब्राण्ड के विकास का अगला चरण है, जो उनके मुख्य प्रोडक्ट जेके वॉलमैक्स पुट्टी द्वारा बनी मजबूत नींव पर रोशनी डालता है. और एक ऐसी कहानी के ज़रिए ब्राण्ड के मुख्य वादे को जीवंत करता है जो दर्शकों के साथ आसानी से जुड़ सके, उन्हें लुभा सके.यह कैंपेन उपभोक्ताओं की एक सबसे आम समस्या को समझते हुए उसे हल करता है.

## मनोज बाजपेयी का सामने आया दमदार लुक

**विपुल** अमृतलाल शाह की फिल्म 'गवर्नर: द साइलेंट सेवियर' से मनोज बाजपेयी का कैरेक्टर पोस्टर रिलीज कर दिया गया है. विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'गवर्नर: द साइलेंट सेवियर' अपनी घोषणा के बाद से ही चर्चा में बनी हुई है. हाल ही में, मनोज बाजपेयी के जन्मदिन के मौके पर एक दिलचस्प पोस्टर के साथ फिल्म के टाइटल का खुलासा किया गया था. अब, फिल्म के नए पोस्टर्स रिलीज कर दिए गए हैं, जो एक बड़ा खुलासा करते हैं.

'गवर्नर' के नए पोस्टर्स ने स्टार कास्ट का खुलासा कर दिया है, जिसमें मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा नजर आएंगे. जहां अलग-अलग पोस्टर्स नेशनल अवार्ड विनर एक्टर मनोज बाजपेयी के अलग-अलग शेड्स दिखाते हैं, वहीं ये पोस्टर्स पर्दे पर दिखने वाले जबरदस्त ड्रामा के बारे में भी बहुत कुछ बयां करते हैं.

कास्ट के चेहरे सामने आने के अलावा, पोस्टर्स में कुछ दमदार टैगलाइन्स भी दी गई हैं जैसे— 'अब बारी मेरी है', 'आई विल नॉट लेट इंडिया फेल', और 'इंडिया इज ऑन द वर्ज ऑफ बैंकरअप्ट्सी, ही सौ ईट कमिंग.' ये सभी भारत के आर्थिक संकट के



एक मुश्किल दौर की ओर इशारा करते हैं. अब यह देखने के लिए उत्साह चरम पर है कि फिल्म में मनोज बाजपेयी किस तरह का किरदार निभाएंगे.यह एक युद्ध था. इसमें कोई सेना नहीं थी. बस एक आदमी... जिसने देश को गिरने से बचाने की ठान ली थी. विपुल अमृतलाल शाह प्रोडक्शन की फिल्म 'गवर्नर: द साइलेंट सेवियर' सनशाइन पिक्चर्स द्वारा पेश की जा रही है. विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और चिन्मय मांडलेकर द्वारा निर्देशित इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर आशिन ए. शाह हैं.

## सेल्फ-डिफेंस की शिक्षा बेहद जरूरी : मुस्कान



अभिनेत्री मुस्कान बामने का कहना है कि आज के समय में सेल्फ-डिफेंस की शिक्षा बेहद जरूरी है. सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी भावनात्मक परतों और हाई-इंटेंसिटी ड्रामा से दर्शकों को लगातार जोड़े हुए है. आने वाले ट्रैक में दर्शक देखेंगे एक रोमांचक पल, जब शनाया (मुस्कान बामने) चिराग (नितिन बाबू) को गुंडों के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डाल देती है. इस दौरान वह गंभीर रूप से घायल हो जाती है और ज़्यादा खून बहने लगता है.यह सीक्वेंस न सिर्फ कहानी को और रोमांचक बनाता है बल्कि यह भी दिखाता है कि जानलेवा हालात में शनाया कितनी बहादुर और समझदार है. यह सीन करना आसान नहीं था और मुस्कान बामने को शनाया के किरदार को सच्चाई से निभाने के लिए खुद को भावनात्मक और शारीरिक रूप से पूरी तरह झोंकना पड़ा. मुस्कान बामने ने कहा, 'मैं हमेशा से सेल्फ-डिफेंस सीखने की ओर झुकी रही हूँ क्योंकि मुझे लगता है कि यह एक ज़रूरी जीवन कौशल है. यह आत्मविश्वास देता है और आपको एक मज़बूत महिला जैसा महसूस कराता है. इस ट्रैक की शूटिंग के दौरान मुझे एहसास हुआ कि यह सोच कितनी काम आती है. भले ही सेट पर हमारे पास ट्रेनिंग लिए हुए प्रोफेशनल्स और कोरियोग्राफी होती है, लेकिन बेसिक मूवमेंट्स और रिएक्शन्स समझना मुझे और तैयार और सीन से जुड़ा हुआ महसूस कराता है. उस पल में ऐसा लगा जैसे मुस्कान ज़्यादा हावी हो गई थी, शनाया से भी ज़्यादा.'

## 'ऑपरेशन ट्राल' का फर्स्ट लुक जारी




मलयालम सिनेमा अब एक ऐसे प्रोजेक्ट को पेश करने जा रहा है जो क्षेत्रीय सीमाओं से कहीं आगे गूंजने का वादा करता है. 'ऑपरेशन ट्राल', एक गहन और एक्शन से भरपूर थ्रिलर जो देशभक्ति और राष्ट्रीय सुरक्षा पर आधारित है, ने आङ्घिधकारिक तौर पर अपना फर्स्ट लुक जारी कर दिया है—यह शुरुआत है एक ऐसे सफर की, जो पूरे देश में एक मजबूत चर्चा को जन्म देने वाला है. जयसूर्या के नेतृत्व में यह फिल्म भारत की एलीट इंटेलिजेंस ऑपरेशन्स की दुनिया से प्रेरणा लेती है. रतीश वेगा द्वारा लिखित और निर्देशित तथा जोबी जॉर्ज थडाथिल द्वारा गुडविल एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले निर्मित 'ऑपरेशन ट्राल' खुद को सच्ची देशभक्ति के सार वाली फिल्म के रूप में पेश करती है. शुरुआती संकेत बताते हैं कि इसकी कहानी आधुनिक इंटेलिजेंस वॉरफेयर की सच्चाइयों में गहराई से जुड़ी है—जहाँ हाई-ऑक्टेन सीक्वेंसेज़ को एक मजबूत राष्ट्रीय संदेश के साथ जोड़ा गया है, जो कर्तव्य और दृढ़ता की भावना को दर्शाता है. देशभक्ति और राष्ट्रीय इंटेलिजेंस की कार्यप्रणाली पर केंद्रित यह फिल्म आज के दर्शकों की उस बढ़ती चाहत को पूरा करने का प्रयास करती है, जिसमें रोमांच और सार्थकता दोनों हों. पैमाना, तीव्रता और विषयवस्तु यह संकेत देते हैं कि यह प्रोजेक्ट पैन-इंडियन अपील के लिए तैयार किया गया है—जो मलयालम सिनेमा की मौजूदगी को राष्ट्रीय मुख्यधारा में और ऊँचा उठाने का लक्ष्य रखता है.



# ओबेन की नई बाइक का इंतजार खत्म

**भारत** में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बढ़ती मांग के बीच ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लॉन्च करने की तैयारी तेज कर दी है. कंपनी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर इसका टीज़र जारी किया है, जिससे उपभोक्ताओं के बीच उत्सुकता और बढ़ गई है. यह नई मोटरसाइकिल 30 अप्रैल 2026 को आधिकारिक रूप से लॉन्च की जाएगी.

टीज़र में मोटरसाइकिल की पूरी झलक तो नहीं दिखाई गई है, लेकिन इसके फ्रंट लुक की कुछ अहम जानकारी सामने आई है. इसमें गोल आकार की एलईडी हेडलाइट और बड़ी एलईडी डीआरएल (डेलाइट रनिंग लाइट) दिखाई गई है, जो इसे आधुनिक और आकर्षक डिजाइन देती है. कंपनी ने अपने पोस्ट में इसे 'भारत की सबसे बोल्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल' बताया है, जिससे संकेत मिलता है कि यह डिजाइन और प्रदर्शन दोनों के मामले में खास हो सकती है.

तकनीकी विशेषताओं की बात करें तो अभी तक कंपनी ने आधिकारिक तौर पर ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है. हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि इस नई मोटरसाइकिल में एलएफपी (लिथियम आयरन फॉस्फेट) बैटरी दी जा सकती है. यह बैटरी उच्च तापमान में भी सुरक्षित मानी जाती है और लंबी उम्र के लिए जानी जाती है. इसके अलावा, इस मोटरसाइकिल की संभावित रेंज लगभग 200 किलोमीटर तक हो सकती है, जो इसे दैनिक उपयोग और लंबी दूरी दोनों के लिए उपयुक्त बना सकती है.

कीमत और नाम को लेकर फिलहाल कंपनी ने कोई खुलासा नहीं किया है. ऐसे में इसकी सही कीमत और अन्य फीचर्स की जानकारी लॉन्च के समय ही सामने आएगी. लेकिन बाजार के रुझानों को देखते हुए माना जा रहा है कि यह मोटरसाइकिल मध्यम से प्रीमियम श्रेणी में आ सकती है.

भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है और सरकार भी इसे बढ़ावा दे रही है. ऐसे में की यह नई पेशकश बाजार में प्रतिस्पर्धा को और तेज कर सकती है. अब सभी की नजरें 30 अप्रैल पर टिकी हैं.




# माइलेज बढ़ाने की तैयारी में महिंद्रा

**भारतीय** वाहन बाजार में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाली महिंद्रा अब अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को अपडेट करने की तैयारी कर रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस एसयूवी में कई नए बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिससे यह पहले से ज्यादा आधुनिक और किफायती बन सकती है.

खबरों के मुताबिक, कंपनी इस एसयूवी के डिजाइन और फीचर्स में सुधार करने पर काम कर रही है. हालांकि अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन माना जा रहा है कि इसमें कुछ नए और उन्नत फीचर्स जोड़े जा सकते हैं. इससे न केवल गाड़ी का लुक बेहतर होगा, बल्कि उपयोगकर्ताओं को अधिक सुविधा भी मिलेगी.

सबसे अहम बदलाव के रूप में इस एसयूवी में सीएनजी तकनीक जोड़ने की संभावना जताई जा रही है. यदि ऐसा होता है, तो यह उन ग्राहकों के लिए बड़ा विकल्प साबित होगा जो कम खर्च में ज्यादा माइलेज चाहते हैं. सीएनजी विकल्प के आने से इस गाड़ी की ईंधन दक्षता में सुधार होगा और चलाने की लागत भी कम हो सकती है.

वर्तमान में महिंद्रा एक्सयूवी 3एक्सओ को पेट्रोल और डीजल इंजन विकल्पों के साथ बाजार में पेश किया जाता है. लेकिन सीएनजी संस्करण जुड़ने से इसका दायरा और बढ़ जाएगा. विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम कंपनी को प्रतिस्पर्धा में और मजबूत बना सकता है. लॉन्च टाइमलाइन की बात करें तो अभी कंपनी ने कोई निश्चित तारीख नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इस अपडेटेड एसयूवी को साल 2026 के अंत तक या 2027 की शुरुआत में बाजार में उतारा जा सकता है. कीमत के मामले में फिलहाल इस एसयूवी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत लगभग 7.54 लाख रुपये है, जबकि टॉप वेरिएंट की कीमत 14.88 लाख रुपये तक जाती है. सीएनजी वेरिएंट आने पर इसकी कीमत पेट्रोल मॉडल के मुकाबले लगभग 70 से 90 हजार रुपये अधिक हो सकती है.

ऐसे में नए फीचर्स और सीएनजी विकल्प के साथ यह एसयूवी बाजार में अपनी स्थिति और मजबूत कर सकती है.



## मारुति लाएगी जिम्नी ईवी

**भारतीय** वाहन बाजार में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए मारुति सुजुकी अब अपनी लोकप्रिय ऑफ रोड एसयूवी मारुति जिम्नी के इलेक्ट्रिक संस्करण पर काम करती नजर आ रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी जल्द ही मारुति जिम्नी ईवी को बाजार में पेश कर सकती है, हालांकि अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है.

जानकारी के अनुसार, इस इलेक्ट्रिक एसयूवी की टेस्टिंग शुरू हो चुकी है. इसे हाल ही में बर्फीले इलाके में परीक्षण के दौरान देखा गया है. इससे संकेत मिलता है कि कंपनी इसे कठिन परिस्थितियों में परख रही है, ताकि इसकी ऑफ रोड क्षमता को और बेहतर बनाया जा सके. हालांकि यह भी संभव है कि अभी जो मॉडल देखा गया है, वह केवल प्रारंभिक नमूना यानी प्रोटोटाइप हो. डिजाइन की बात करें तो टेस्टिंग के दौरान जो झलक मिली है, उसके अनुसार इस नई इलेक्ट्रिक जिम्नी में पारंपरिक बॉक्सी डिजाइन को बरकरार रखा जाएगा. इसमें उभरे हुए व्हील आर्च और क्लैमशेल बोनट जैसी खासियतें देखने को मिल सकती हैं. साथ ही नई एलईडी हेडलाइट और गोल आकार के फॉग लैंप इसे आधुनिक लुक देंगे.




रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस एसयूवी की टेस्टिंग भारत में नहीं बल्कि यूरोप या जापान के बर्फीले क्षेत्रों में की जा रही है. इससे यह भी अंदाजा लगाया जा रहा है कि कंपनी पहले इसे वैश्विक बाजार में पेश कर सकती है और बाद में भारतीय बाजार में लॉन्च किया जा सकता है.

तकनीकी पहलुओं को लेकर अभी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन अनुमान है कि इसमें लगभग 400 किलोमीटर तक की रेंज दी जा सकती है.



# होंडा प्रील्यूड की भारत में एंट्री जल्द

**भारतीय** ऑटो बाजार में लग्जरी कारों की मांग लगातार बढ़ रही है और इसी कड़ी में होंडा अपनी नई कार होंडा प्रील्यूड को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह कार भारत में जल्द ही दस्तक दे सकती है और इसे प्रीमियम सेडान श्रेणी में पेश किया जा सकता है.

बताया जा रहा है कि इस नई कार में दमदार हाइब्रिड इंजन दिया जाएगा. इसमें दो लीटर क्षमता का इंजन मिल सकता है, जो करीब 104 किलोवाट की पावर और 182 न्यूटन मीटर का टॉर्क उत्पन्न करेगा. यह कार प्रदर्शन के मामले में भी काफी तेज मानी जा रही है, क्योंकि यह केवल 8.2 सेकंड में 0 से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है. इससे साफ है कि यह गाड़ी स्पोर्टी परफॉर्मेंस और बेहतर माइलेज का संतुलन पेश करेगी. फीचर्स की बात करें तो होंडा प्रील्यूड में कई आधुनिक और उन्नत सुविधाएं देखने को मिल सकती हैं. इसमें एलईडी लाइट्स, 19 इंच के अलॉय पहिए, 10.2 इंच का डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर और नौ इंच का इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया जा सकता है. इसके अलावा एपल कार प्ले और एंड्रॉयड ऑटो जैसी कनेक्टिविटी सुविधाएं भी मिलेंगी. ऑडियो के लिए बोस साउंड सिस्टम दिया जा सकता है, जो बेहतर साउंड अनुभव प्रदान करेगा.

सुरक्षा के लिहाज से भी यह कार काफी उन्नत हो सकती है. इसमें लेवल-2 एडीएएस तकनीक मिलने की संभावना है, जिससे ड्राइविंग और भी सुरक्षित हो जाएगी.

लॉन्च टाइमलाइन को लेकर अभी तक कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि इसे मई से जून 2026 के बीच भारतीय बाजार में उतारा जा सकता है. चूंकि इस कार को आयात किया जाएगा, इसलिए इसकी कीमत भी प्रीमियम श्रेणी में होगी. अनुमान है कि इसकी एक्स-शोरूम कीमत 70 से 75 लाख रुपये के बीच हो सकती है.